**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## मुख्य समाचार

- **राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित व समाज को सर्वोपरि रखने का किया आहवान।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केंद्र की वित्त पोषित परियोजनाओं में भ्रष्टाचार करने का लगाया आरोप।**
- **प्रदेश भाजपा ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग दोहराई।**
- **शिमला में अंतरर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता शुरू–नशा छोड़ों–खेल खेलों अभियान के तहत किया गया आयोजन।**

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित, संस्कृति और समाज को सर्वोपरि रखने का आहवान किया है। वे आज शिमला स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राष्ट्र को ऐसी युवा पीढ़ी की जरूरत है, जो व्यक्तिगत ऊंचाइयों को हासिल करने के साथ–साथ समाज को भी प्रगति पथ पर अग्रसर करें। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी महत्वाकांक्षाओं को रोजगार हासिल करने तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझना भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## राजस्व मंत्री

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि सरकार जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। किन्नौर ज़िले में राजकीय विद्यालय काफनू के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई पर निरंतर कार्य कर रही है ताकि सरकारी व निजी स्कूलों के बीच का फासला कम हो सके। राजस्व मंत्री ने किन्नौर ज़िले में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षकों को आधुनिक उपकरणों से पढ़ाई के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला के कोटखाई क्षेत्र की ग्रावग पंचायत में आज कुड़ी–मोहली सड़क का लोकार्पण किया। इस सड़क के निर्माण पर 4 करोड़ 87 लाख रूपए की राशि खर्च हुई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस सड़क के बनने से न केवल कोटखाई की ग्रावग पंचायत बल्कि चौपाल तहसील के मड़ावग क्षेत्र के किसानों–बागवानों को भी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि पिछले अढ़ाई वर्षों में जुब्बल कोटखाई क्षेत्र में एक सौ 36 सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी है और 4 सौ करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मेले व उत्सव प्रदेश की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए पूरी तरह गंभीर है। कुलदीप सिंह पठानिया चंबा जिले के बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर एक शोभा यात्रा भी निकाली गई जिसमें लोगों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केंद्र की वित्त पोषित परियोजनाओं में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र की वित्त पोषित फिन्ना सिंह परियोजना में भी कथित तौर पर भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार परियोजना के टेंडर की शर्तों में जो हेरफेर कर रही है उससे प्रदेश को करोड़ा का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि ज्वाइंट वैंचर प्रक्रिया पर रोक लगाकर सरकार एक तरफ नियमों की धजियां उड़ा रही है वहीं दूसरी ओर टैंडर प्रक्रिया से कई बड़ी कंपनियों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में प्रदेश सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री से प्रदेशहित की परियोजनाओं में धांधली के बजाए इनमें गुणवत्ता को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

**विनय कुमार**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज सिरमौर ज़िले में रेणुका क्षेत्र के तहत डडुआ–नाडी सड़क की आधारशिला रखी। इस सड़क के निर्माण पर करीब 6 करोड़ 70 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। विनय कुमार ने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र के करीब 25 हजार लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क का कार्य तय समय में पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा ने हाल ही में हुई पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही है लेकिन प्रदेश सरकार इसके बावजूद चुप्पी साधे हुए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इतने संवेदनशील मामले में सरकार द्वारा कोई कदम न उठाया जाना भी सरकार की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है।

**योजनाएं**

राज्य सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए बीते अढ़ाई वर्षों में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। इन्हीं योजनाओं और सरकार के साकारात्मक प्रयासों के परिणाम स्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार राज्य में वर्ष 2023 में लिंगानुपात की दर 9 सौ 47 थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 9 सौ 64 हो गई है। उन्होंने कहा कि यही सकारात्मक बदलाव दिखाता है कि समाज में लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव हुआ है। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ–साथ आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है।

## मुक्केबाजी

राजधानी शिमला के रिज मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता शुरू हुई। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ द्वारा ये प्रतियोगिता **''नशा छोड़ो–खेल खेलो''** अभियान के तहत आयोजित की जा रही है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में खेल गतिविधियां अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ करता है बल्कि विचारों को भी सशक्त बनाना है। राज्यपाल ने कहा कि 6 बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की याद में इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाना उनके प्रति लोगों की सच्ची श्रद्धांजलि है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में भारत सहित विभिन्न देशों के मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

## आरक्षण

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने देश में जातिगत आरक्षण की नीति पर सवाल उठाते हुए इसे आर्थिक आधार पर लागू करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र तंवर ने कहा कि वर्तमान में समाज में समरसता लाने की जरूरत है जो केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को समान अवसर देने से ही संभव है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाए हुए हैं। दोपहर बाद कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा भी हुई है। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, शिमला और सोलन जिला में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आस–पास न जाने की सलाह दी है। उधर, चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मानसून के लोक निर्माण विभाग के फील्ड स्टॉफ को सतर्क कर दिया गया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विद्यार्थियों से राष्ट्रहित व समाज को सर्वोपरि रखने का किया आहवान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर केंद्र की वित्त पोषित परियोजनाओं में भ्रष्टाचार करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश भाजपा ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग दोहराई।
- शिमला में अंतरर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता शुरू–नशा छोड़ों–खेल खेलों अभियान के तहत किया गया आयोजन।